हरिभूमि


# धमतरी भूमि

रायपुर, सोमवार 6 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री



11 नगर निगम की ऐतिहासिक उड़ान 92% वसूली का ...


12 शहर के 5 वार्डों में हाईटेक आकांक्षी शौचालय बन रहा






## खबर संक्षेप

### पेंशनरों की मासिक बैठक 6 को

**धमतरी।** पेंशनर एसोसिएशन छग प्रदेश जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक 6 अप्रैल को दोपहर 12 बजे पेंशनर एसो. भवन में आयोजित की गई है। बैठक में पेंशनरों के जन्मदिन एवं नए सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। नववर्ष का मिलन समारोह मनाया जाएगा। एसो. के अध्यक्ष वीरेंद्र नाग एवं सचिव मोतीलाल हिरवानी ने पेंशनरों से उपस्थिति की अपील की है।

### नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण 7 अप्रैल से

**धमतरी।** जिले के युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बड़ौदा आरसेटी धमतरी द्वारा निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण 7 अप्रैल से दिया जायेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को कम्प्यूटराइज्ड अकाउंटिंग (टैली), जीएसटी, एमएस एक्सेल, एमएस वर्ड, पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन, ई-मेल संचालन, हिन्दी एवं अंग्रेजी टाइपिंग स्पीड तथा कम्प्यूटर की बेसिक प्रैक्टिकल जानकारी प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण की अवधि कुल 38 दिवस है।

### सोनेवारा में हनुमान जन्मोत्सव 7 को

**मगरलोड।** ग्राम सोनेवारा के बजरंग चौक में हनुमान जन्मोत्सव 7 अप्रैल को रखा गया है। सुबह 8 बजे कलशयात्रा, 9 बजे पूजा पाठ, हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ पंडित रामदेव शर्मा भोथा द्वारा किया जाएगा। दोपहर 3 बजे अमृत संदेश मानस मंडली सोनेवारा, 4 बजे जय भारत मानस मंडली दरगहन, रात्रि 7 बजे मंदाकिनी मानस परिवार नूनाछापर जिला कवर्धा की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में खिलावन सिन्हा, संतोष सिन्हा, भुवनेश्वर निर्मलकर, हेमलाल यादव सचिव, गौतम पटेल सहित ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**धमतरी।** आमदी में पुराना बाजार चौक के पास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद वाहन सहित चालक फरार हो गया है। वाहन अज्ञात है। पुलिस वाहन की तलाश कर रही है। घटना शनिवार की रात करीब डेढ़ से दो बजे की है। आमदी निवासी पूरन मटियारा उम्र 41 साल पिता अलखराम शादी कार्यक्रम से अपने घर साइकल से लौट रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना इतनी खतरनाक थी कि पूरन के शरीर के कई टुकड़े हो गए, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। आसपास मौजूद कुछ युवकों ने अर्जुनी पुलिस को सूचना दी। पेट्रोलिंग टीम तत्काल पहुंची। वरदान परामर्श सेवा समिति की एंबुलेंस मृतक को मरच्युरी पहुंचाया गया।

# उठाव नहीं होने से तरसींवा में चना खरीदी बंद, किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

उठाव नहीं होने से तरसींवा सहकारी समिति में धान खरीदी बंद कर दी गई है। जब तक यहां से चना का परिवहन शुरू नहीं किया जाता है, खरीदी शुरू करना मुश्किल है। उधर अन्य खरीदी केंद्रों में परिवहन शुरू नहीं किया गया है, जिसके चलते किसानों का भुगतान भी अटका हुआ है।

पिछले साल की भांति इस साल भी चना खरीदी अव्यवस्था की भेंट चढ़ गई है। खरीदी शुरू हुए एक माह से अधिक हो गया है, लेकिन अब तक उठाव शुरू नहीं हुआ है। तरसींवा खरीदी केंद्र में रिकार्ड तोड़ 17000 क्विंटल चने की खरीदी हो चुकी है।

## पेमेंट नहीं होने से बढ़ी मुसीबत, कोचियों को उपज बेचने की मजबूरी

### औने-पौने दाम में बेच रहे

उठाव नहीं होने से चना का भुगतान अब तक नहीं शुरू किया गया है। उधर किसानों को मिंजाई, कटाई आदि की मजदूरी भुगतान के लिए रूपयों की जरूरत है। ऐसे में किसान औने पौने दाम में चना बेच रहे हैं। मूलचंद साहू ने बताया कि आर्थिक जरूरत को पूरा करने के लिए उन्होंने 5200 रुपए क्विंटल में चना बेच दिया। सुनील साहू ने 5100 रूपए क्विंटल में चना बेचा है। उन्होंने बताया कि उन्हें तत्काल रूपयों की जरूरत है। समर्थन मूल्य पर चना बेचने पर तत्काल भुगतान नहीं मिलता है। इस कारण कोचियों को चना बेचना पड़ा।



### बारदाने भी नहीं मिले

चना के साथ सरसों की भी खरीदी की जा रही है। एक दो खरीदी केंद्र में सरसों की आवक भी हुई है। धान के बारदानों में जैसे- तैसे 50 किग्रा चने की खरीदी की जा रही है, लेकिन इन बारदानों में सरसों की खरीदी संभव नहीं है। उधर शासन से सरसों की खरीदी के लिए बारदानों की मांग की गई है। समिति कर्मचारियों ने बताया 50 किग्रा वाले धान के बारदानों में 50 किग्रा चने की खरीदी मुश्किल है। मशीन से सिलाई करते नहीं बनता। इन बारदानों में सरसों की खरीदी नामुमकिन है।

यहां पर चना रखने की जगह नहीं है। स्थिति को देखते हुए 6 अप्रैल से यहां पर चना खरीदी बंद कर दी जाएगी। उधर किसान कटाई मिंजाई के बाद चना बेचने के लिए तैयार बैठे हैं। खरीदी बंद होने से उनकी परेशानी बढ़ गई है। अन्य खरीदी केंद्र में भी उठाव शुरू नहीं हुआ है।

### समितियों में चना सुरक्षित रखने की चुनौती

खपरी, भानपुरी में शत-प्रतिशत किसानों ने चने की फसल लगाई थी। वहीं तरसींवा, देमार सहित आसपास के गांवों में भी बड़ी संख्या में किसानों ने चने की फसल ली है। इसी के चलते तरसींवा खरीदी केंद्र में सर्वाधिक 2011 किसानों ⏩ शेष पेज 12 पर

न्यायालय में प्रकरण लंबित होने के बाद भी कब्जा खाली कराने का आरोप

# रेलवे के अल्टीमेटम से हड़कंप, घर-दुकान खाली करने में जुटे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अतिक्रमण हटाओ अल्टीमेटम नोटिस मिलने से रेलवे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। कब्जा खाली करने समय-सीमा के ठीक एक दिन पहले कई कब्जाधारी परिवार अपना बोरिया बिस्तर समेटने लगे हैं। वहीं व्यापारी भी अपने-अपने सामानों को स्थानांतरण करने में जुट गए हैं। कुछ ऐसे भी हैं जिन्हे कोर्ट के अंतिम निर्णय आने तक राहत मिलने की उम्मीद है।





वरिष्ठ अनुभाग अभियंता कार्यालय दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर ने 2 अप्रैल को करीब 70 लोगों को नोटिस जारी कर कहा है कि आपके द्वारा धमतरी रेलवे स्टेशन क्षेत्र में अवैध रूप से अतिक्रमण कर अनाधिकृत निर्माण किया गया है जिसका बेदखली आदेश 14 जून 2023 को अपर मंडल रेल प्रबंधन, राजसंपदा अधिकारी रायपुर ने पारित किया है। उक्त कब्जे को 15 दिन के अंदर हटाने का आदेश दिया गया था, लेकिन अभी तक अवैध कब्जे को नहीं हटाया गया है। उक्त कब्जे को 6 अप्रैल 2026 से पहले अनिवार्य रूप से स्वयं हटा लें। अन्यथा रेलवे प्रशासन 6 अप्रैल को उक्त अतिक्रमण हटाएगा। इस कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार की क्षति या नुकसान के लिए रेलवे प्रशासन जिम्मेदार नहीं होगा एवं कार्रवाई के दौरान होने वाले खर्च की वसूली भी आपसे की जाएगी।

धमतरी रेलवे स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग के सामने 14 लोग काबिज हैं। इसके अलावा दर्जनों परिवार भी निवासरत हैं। गोपालदास, अमित कश्यप, गिरधारी ठाकुर, अमितकुमार, अजय साहू, सुभाष अग्रवाल, मुरली मनोहर, आदित्य कश्यप, सिकंदर, राजकुमार पोपटानी, नर्मदा प्रसाद, सुनीता वाधवानी, मो. नाशाद सहित अन्य लोगों का कब्जा हटाने रेलवे प्रशासन पहुंचा था। रेलवे ने केस न्यायालय में होने के कारण उक्त 14 लोगों का कब्जा हटाने की कार्रवाई नहीं की, लेकिन अन्य कब्जाधारियों के घरों में बुलडोजर चलाया गया। पीड़ित पक्ष का कहना है कि वर्ष 1908 में 26.24 एकड़ जमीन जिसका खसरा नंबर 914 था, आजादी के बाद इसका खसरा नंबर 254 हो गया। केस प्रकरण नंबर 386/2025 हाईकोर्ट में लंबित है। रेलवे ने दीपक एवं अन्य का हवाला देकर नोटिस दिया है जिससे उनका कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने बताया कि 1926 में यह जमीन सुदानीबाई के नाम पर दर्ज है। 1959 में सुदानीबाई की कोई औलाद नहीं होने से यह जमीन आबादी में परिवर्तित हो गई। 1977-78 में यह जमीन सेंट्रल गवर्नमेंट के नाम पर कैसे आई, उन्हें नहीं मालूम। आरटीआई के तहत जानकारी में इसे रेलवे की जमीन नहीं होना बताया गया है। एसडीएम न्यायालय में भी रेलवे ने कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। इसी खसरा नंबर की जमीन को एक व्यक्ति ने न्यायालय से जीता है। 1962-63 में नगर निकाय को टैक्स दे रहे हैं। पीड़ितों का कहना है कि रेलवे का विकास नहीं रूकना चाहिए। बीच का रास्ता निकालकर लोगों को सहूलियत देनी चाहिए। जैसे रेलवे ने एग्रीमेंट के एडवरटाइजमेंट के लिए बोर्ड लगाने जमीन दी है।

रेल्वे के अल्टीमेटम के ठीक एक दिन पहले रविवार को रेलवे क्षेत्र में काबिज मुख्यमार्ग पर व्यवसायी तथा परिवार के साथ निवासरत लोग अपना-अपना सामान अन्यत्र ले जाने में जुटे रहे। गिरधारी सिंह ठाकुर ने बताया कि बांसटाल की दुकान के साथ परिवार भी रहता है। पूर्व में रेलवे की कार्रवाई देख चुके हैं। समय रहते अपना सामान समेट रहे हैं। समय पर मजदूर भी नहीं मिलते। कुछ परिवार अपने मकान से टिन टप्पर हटाते नजर आए। हेमंत, लक्ष्मीनारायण ने बताया कि उसकी उम्र 60 वर्ष है। कुछ साल पहले एक लाख खर्च कर घर दुरूस्त किया था। रहने के लिए किराये का मकान ढूंढ रहे हैं।

# पुलिस का धुआंधार अभियान, 22 लोगों पर कार्रवाई

- एक आर्म्स एक्ट, अवैध शराब के 17 सूखा नशा के 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नशे के सौदागर और दबंगई करने वालों के खिलाफ पुलिस ने धुआंधार कार्रवाई करते हुए 150 स्थानों पर दबिश दी। इस दौरान देसी कट्टा के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा गया। सूखा नशा का कारोबार करने वाले 4 तथा अवैध शराब बेचने वाले 17 लोगों को गिरफ्तार किया।

ऑपरेशन निश्चय के तहत धमतरी पुलिस ने चौथा बड़ा अभियान चलाया। इस दौरान 150 स्थानों पर दबिश देकर नशे तथा नशे के कारोबार एवं परिवहन करने वालों को पकड़ा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार शाम से लेकर रविवार सुबह तक सघन सर्चिंग अभियान चलाया गया। अलग-अलग कुल 30 टीम बनाकर गुंडा-बदमाश, असामाजिक तत्व एवं मादक पदार्थों के अवैध कारोबारियों पर कड़ी कार्रवाई की गई। इस दौरान थाना सिटी कोतवाली धमतरी, थाना अर्जुनी, थाना कुरूद एवं थाना भखारा में एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 4 प्रकरण में 4 आरोपी गिरफ्तार किये गये हैं। आरोपी हेमंत पांडेय उम्र 26 वर्ष साकिन स्टेशनपारा धमतरी हाल निवास महिमासागर वार्ड मैला गड्ढा के पास अटल आवास धमतरी, गुलशन कुमार साहू उम्र 28 वर्ष साकिन सरसोंपुरी थाना अर्जुनी, लिखेन्द्र कुमार साहू उम्र 22 वर्ष साकिन वार्ड नं 12 मिनी माता चौक भठेली थाना भखारा, भूपेंद्र साहू उम्र 22 वर्ष साकिन इंदिरानगर कुरूद थाना कुरुद से कुल 3.97 किलो मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया।

### देसी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार





सर्चिंग के दौरान एक व्यक्ति देसी कट्टा और 2 नग 12 बोर कारतूस के साथ पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी रवि नायक उर्फ भूरी नायक पिता सुरेश नायक उम्र 23 वर्ष साकिन पोस्ट ऑफिस वार्ड धमतरी थाना सिटी कोतवाली के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। यह पूरा अभियान आईजी रायपुर रेंज रायपुर अमरेश कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में एसपी धमतरी के नेतृत्व में चलाई गई।

### 114 लीटर शराब जब्त

आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 6 प्रकरण में 6 व्यक्ति से कुल 113.96 लीटर अवैध शराब जब्त की है। इसी प्रकार 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत 10 प्रकरण में 10 व्यक्ति एवं 36(च) में 1 व्यक्ति के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है। कुल 17 प्रकरणों में 17 व्यक्ति को आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।






मसीही समाज ने श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया पर्व

# ईस्टर पर गूंजा पुनरुत्थान का संदेश





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

रविवार को मसीही समाज ने प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान दिवस ईस्टर को पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर बस्तर रोड स्थित मेनोनाईट चर्च में विशेष आराधना, प्रार्थना सभा और धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रभु यीशु मसीह के बलिदान और उनके तीसरे दिन मृतकों में से जी उठने की घटना को स्मरण किया गया। वक्ताओं ने बताया कि यीशु मसीह ने संपूर्ण मानव जाति के पापों के प्रायश्चित के लिए स्वयं को क्रूस पर बलिदान किया और मृत्यु के बाद पुनः जीवित होकर मानवता को अनंत जीवन का संदेश दिया। उनके पुनरुत्थान ने यह सिद्ध किया कि जीवन आशा और विश्वास का प्रतीक है। मसीही समाज ने प्रेम, शांति और सेवा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

आराधना सभा में रेव्ह आशीष मिलाप, रेव्ह शिवराज महेंद्र, रेव्ह डीके मसीह, डेकॉन आरजे सैमॉन, डेकॉन एससी ख्रिस्टी, डेकॉन किरण विलियम, डेकॉन अनिल राघवा, डेकोनेस अर्चना नेताम, डेकोनेस थेलमा मेहतो, डेकोनेस शैलजा सोनवानी, डॉ. नीरज नेताम, डॉ. एस पटौंदा, अनुराग मसीह, योगेश लाल, कल्याण मसीह, वालेस चरण, मार्विन चरण, नितेश बेथे, प्रणय लाल, सरिता असाई, राजेश मसीह, मयंक विजेता, सपना पॉल, स्टीव लाल, शालिनी, बंशी, स्वप्निल सोनवानी, शैलजा ख्रिस्टी, अनिल नरोत्तम, प्रणय तिवारी, विवेक सोनवानी, विनोद डेविड, सलभ, गुड्डू नेवारे, अमन मिर्जा, अभिषेक मिर्जा, नेल्सन, राकेश सालोमन, विन्नी सपाटे, मोना सपाटे सहित अन्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### पारंपरिक खेलों में महिलाएं दिखायेंगी अपनी प्रतिभा

**धमतरी।** खेल पखवाड़ा के तहत 8 अप्रैल को मिशन मैदान में महिलाओं के लिए पारंपरिक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। रस्सीकूद, कुर्सी दौड़, फुगड़ी सहित कई स्पर्धा में महिलाएं अपना हुनर दिखाएंगी। प्रतियोगिता में विजेताओं के साथ प्रतिभागियों को भी प्रोत्साहन पुरस्कार दिए जाएंगे। आयोजन के संरक्षक पंडित राजेश शर्मा ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को खेलों से जोड़कर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। प्रतियोगिता की तैयारी में हेमलता शर्मा, प्राची सोनी, सरिता यादव, चन्द्रकला पटेल, ईश्वरी पटवा, पार्वती वाधवानी, सुशीला तिवारी, गायत्री सोनी सहित अन्य महिलाएं जुटी हैं।

### भैंसबोड़ में पेंशनरों का सम्मेलन 8 को

**जीजामगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील इकाई भखारा का सम्मेलन 8 अप्रैल को 11 बजे से 4 बजे तक भैंसबोड़ (अंवरी) में गंगाप्रसाद साहू के मार्गदर्शन में उनके निज निवास में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम प्रांतीय अध्यक्ष यशवंत देवान के मुख्य आतिथ्य में होगा। तहसील इकाई भखारा के नये सदस्यों एवं जन्म दिवस वालों का भी सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में गीत, कविता, भाषण का समावेश रहेगा।

### समय पर वेतन मिलने से निगम कर्मचारी खुश

**धमतरी।** नगर पालिक निगम में कर्मचारियों को अब नियमित और समय पर वेतन मिलने से संतोष और उत्साह का माहौल है। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मंगलू निर्मलकर ने बताया कि वर्तमान निगम प्रशासन की पहल से वेतन भुगतान व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जिससे कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हाल ही में आयुक्त के चिकित्सा



अवकाश पर रहने के कारण वेतन भुगतान में कुछ दिनों का अल्पकालिक विलंब जरूर हुआ था, लेकिन इसे लेकर फैलाई जा रही अफवाहें पूरी तरह निराधार हैं। उन्होंने कहा कि निगम प्रशासन कर्मचारियों के हितों के प्रति संवेदनशील है और समय पर भुगतान करने के लिए लगातार प्रयासरत है। श्री निर्मलकर ने बताया कि दीपावली पर्व पर निगम कर्मचारियों को दो माह का वेतन एक साथ दिया गया था, जिससे कर्मचारियों को आर्थिक मजबूती मिली। उन्होंने कहा कि पहले वेतन में देरी के कारण कर्मचारियों को आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। समय पर वेतन मिलने से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ा है और वे अधिक जिम्मेदारी एवं ईमानदारी के साथ अपने कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने निगम प्रशासन के प्रयासों की सराहना की।

### भाजपा के स्थापना दिवस पर प्रदेशाध्यक्ष फहराएंगे ध्वज आज

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी 6 अप्रैल को 47 वां स्थापना दिवस मनायेगी। जिला कार्यालय में सुबह 9:30 बजे प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ध्वज फहरायेंगे। कार्यकर्ता अपने निवास में ध्वज फहराएंगे। प्रत्येक बूथ में स्थापना दिवस कार्यकतार्ओं व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में मनाने का कार्यक्रम निर्धारित है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### उठाव नहीं होने से तरसींवा में चना खरीदी बंद, किसान परेशान

ने चना बेचने के लिए पंजीयन कराया है। यहां पर आवक भी सबसे ज्यादा हो रही है। इसी कारण यहां पर स्थिति खराब है। उधर मौसम लगातार खराब चल रहा है। हर एक दो दिन के अंतराल में बारिश हो रही है। ऐसे में खरीदी केंद्रों में चना को सुरक्षित रखना कर्मचारियों के लिए बड़ी चुनौती है।

---

तहसील साहू समाज नगरी-सिहावा के वार्षिक अधिवेशन में प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का सम्मान

# कार्यशाला के माध्यम से युवाओं को जागरूक करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नगरी

तहसील साहू समाज नगरी-सिहावा का वार्षिक अधिवेशन ग्राम देऊरपारा में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज की एकता, परंपरा एवं सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना रहा। आयोजन की शुरुआत भव्य शोभायात्रा से हुई, इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को श्रीफल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विशेष रूप से मावलीपारा परिक्षेत्र के विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ रायपुर के अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू रहे, अध्यक्षता तहसील साहू समाज नगरी-सिहावा के अध्यक्ष कंवल राम साहू ने की। विशिष्ट अतिथि सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, प्रकाश बैस अध्यक्ष भाजपा जिला धमतरी, पुनीत राम साहू संरक्षक तहसील साहू समाज नगरी सिहावा, महेश गोटा अध्यक्ष जपं नगरी, हृदय साहू उपाध्यक्ष जपं, बलजीत छाबड़ा अध्यक्ष नगर पंचायत, विकल गुप्ता अध्यक्ष कर्णेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट देऊरपारा,





सुभाष चंद्र साहू संगठन सचिव जिला साहू संघ, रामगोपाल साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ, डोमार सिंह साहू पूर्व संरक्षक तहसील साहू समाज नगरी सिहावा, धनीराम साहू पूर्व अध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी सिहावा, बृजलाल साहू पूर्व अध्यक्ष तहसील साहू समाज, सहदेव राम साहू पूर्व अध्यक्ष तहसील साहू , भुनेश्वरी धृतलहरे सदस्य जनपद पंचायत, शारदा ध्रुव सरपंच छिपलीपारा, दुर्गेश साहू, बेद राम साहू थे।

मुख्य अतिथि डॉ. नीरेंद्र साहू ने अपने संबोधन में समाज को शिक्षा, संस्कार एवं संगठन के माध्यम से सशक्त बनाने पर जोर दिया। उन्होंने नशामुक्ति अभियान चलाने तथा कार्यशालाओं के माध्यम से युवाओं को जागरूक करने की आवश्यकता बताई। विधायक अंबिका मरकाम ने साहू समाज को शिक्षित एवं प्रगतिशील बताते हुए विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त कर बड़े पदों तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया। अभिभावकों से बच्चों के बेहतर मार्गदर्शन की अपील की और समाज में एकता एवं समरसता बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने शेड निर्माण के लिए 20 लाख रुपये की घोषणा भी की। जिला साहू संघ के संगठन सचिव सुभाष चंद्र साहू ने समाज की एकजुटता को समय की आवश्यकता बताया। तहसील अध्यक्ष कंवल राम साहू ने समाज के इतिहास और प्रगति पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को स्वरोजगार एवं व्यापार की ओर प्रेरित किया।

अधिवेशन के दौरान वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें आय-व्यय, वर्षभर की गतिविधियों एवं आगामी योजनाओं की जानकारी दी गई। सामाजिक मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकोष्ठों एवं नौ परिक्षेत्र के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## मुरा में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जीजामगांव



ग्राम पंचायत मुरा में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन अजय चंद्राकर विधायक कुरूद, गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत, सरपंच राकेश साहू, चंद्रशेखर साहू, लोकेश साहू अध्यक्ष भाजपा सिर्री मण्डल ने किया। सीसी रोड श्मशान घाट पहुंच मार्ग 15 वें वित्त जनपद पंचायत कुरुद 5 लाख 20 हजार, नाली निर्माण मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना मद 3 लाख 94 हजार, स्कूल के पास ओपन जिम सौंदर्यीकरण 15 वें वित्त जिला पंचायत 3 लाख, स्कूल सौंदर्यीकरण 15 वें वित्त ग्राम पंचायत 1 लाख, सीसी रोड होलिका दहन 15वें वित्त जनपद पंचायत मद 1 लाख 98 हजार, सार्वजनिक शौचालय 15 वें वित्त जनपद पंचायत मद 1 लाख 32 हजार शामिल हैं। मौके पर नाथू राम, कमलेश, भोजराम, डीहूराम, प्रहलाद, जोहत योगी राज, रामकुमार, भुनेश्वर, युवराज, बसंत, सुमेर, प्रदीप, दुलारू, शंकर, टकेश्वर, रूपेंद्र, ओमप्रकाश, जोधन, अवध, तमेश्वरी, कुंती साहू, जानेश्वरी, दुर्गा सेन, शिला साहू, गुंजा साहू, केशरी, गीतिका, सरोज, प्रभा यादव, गीतेश्वरी उपस्थित थे।

## सरगी के जातरा मेला में राजा बाबा की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मगरलोड

ग्राम सरगी में ग्रामवासियों के सहयोग से राजाबाबा का जातरा मेला 1 अप्रैल बुधवार, 2 अप्रैल को पवई रानी, 3 अप्रैल को पहाड़िया बाबू का जातरा हुआ। ग्रामीणों ने राजा बाबा की पूजा कर गांव की सुख, शांति , समृद्धि की कामना की। राजाबाबा स्थल में हवन यज्ञ पूजन किया गया। 1 अप्रैल को रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए जय मां खल्लारी छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी हिच्छापोटिया जिला महासमुंद का कार्यक्रम हुआ।



इस अवसर पर ग्राम विकास समिति अध्यक्ष भेखूराम साहू, उपाध्यक्ष गोरेलाल साहू, सचिव नीलकुमार निषाद, कोषाध्यक्ष दुलेश्वर ध्रुव, सहसचिव सुरेन्द्र दिवान, सरपंच हरिविनायक सिन्हा, उपसरपंच हेमंत दीवान, पंचूराम साहू, सेवाराम दीवान, केकतूराम पटेल, पोखन ध्रुव, चोवाराम साहू, बाबूलाल दीवान, भीखम साहू, शरणानंद सिन्हा, मोहन निषाद, संतुराम ध्रुव, टेकराम निषाद, पन्नाराम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा शिविर में 160 मरीज लाभान्वित

- इर्रा में हनुमान जन्मोत्सव पर शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोर्रा(भखारा)

ग्राम इर्रा में हनुमान जन्मोत्सव पर छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथी डॉक्टर्स एसोसिएशन जिला धमतरी, गीता इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा केंद्र इर्रा, सीजीआर इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा केंद्र कोर्रा तथा ग्राम पंचायत के सहयोग से निःशुल्क इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। लगभग 160 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। बॉडी पैरामीटर जांच कर बॉडी फैट से होने वाली बीमारियों से अवगत कराया गया। ब्लड ग्रुप एवं हीमोग्लोबिन व शुगर



की भी नि :शुल्क जांच की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूर्यकांत साहू सरपंच इर्रा थे। अध्यक्षता डॉ अजय साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज इर्रा ने कर। विशिष्ट अतिथि योगेश्वर साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति इर्रा, श्रीमती यामिनी चुम्मन साहू उपसरपंच थे। वक्ताओं ने बताया कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी और होम्योपैथी दोनों अलग-अलग चिकित्सा पद्धति है। इलेक्ट्रो होम्योपैथी का आविष्कार डॉ काउंट सीजर मैटी जबकि होम्योपैथी का आविष्कार डॉ सैमुएल हैनिमेन ने किया। इलेक्ट्रो होम्योपैथी में केवल 38 मेडिसिन से सभी बीमारियों को ठीक किया जाता है जो बिजली की तरह तुरंत व त्वरित प्रभाव डालती है। इसलिए इसका नाम इलेक्ट्रोहोम्योपैथी नाम पड़ा।

शिविर में डॉ डीआर सिन्हा धमतरी, डॉ मुरलीधर साहू, डॉ कैलाश चंद्राकर, डॉ संतोष बनपेला, डॉ एमके सोनबेर, डॉ उमेश सिन्हा, डॉ नारायण सिन्हा, डॉ चंद्रशेखर साहू, डॉ रंजीत निषाद, डॉ रामेश्वर सोनवानी, डॉ चित्तरंजन साहू, डॉ मनोज देवांगन, डॉ रोशन वर्मा, डॉ तुलसी साहू तथा लैब तकनीशियन भूषण साहू एवं कमल नारायण साहू ने सेवाएं दीं। मंच संचालन डॉ. मनहरण यादव और आभार व्यक्त डॉ घनश्याम साहू ने किया।

## रामायण प्रतियोगिता में पेंडरवानी एवं थूहा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मगरलोड

- मेघा में रामायण प्रतियोगिता का समापन

जय शारदा युवा मानस मंडली पुरानी बस्ती एवं ग्रामवासियों द्वारा मेघा में रामायण प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें दूर दराज की मानस मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी। पुरुष वर्ग में प्रथम जय चंडी मां मानस परिवार पेंडरवानी (बालोद) रही। द्वितीय रामचरित्र मानस परिवार खलना (उड़ीसा), तृतीय श्री राम मानस परिवार पापरा (बालोद), चतुर्थ तुलसी क़े बिहाव मानस परिवार पलौद (अभनपुर), पंचम महतारी क़े कोरा मानस परिवार पचेड़ा रायपुर रहे। महिला वर्ग में प्रथम राधाकृष्ण महिला मानस मंडली थूहा (भखारा) ,द्वितीय



जय मां सरस्वती बालिका मानस मंडली सिलतरा, तृतीय दीप ज्योति बालिका मानस मंडली धनोरा (गुरुर), चतुर्थ गौरी महिला मानस परिवार रेंगाकठेरा, पंचम स्थान जय जगजननी महिला मानस मंडली बठेना धमतरी रही। व्याख्या में श्री शिव मानस परिवार मानपुर (मोहला), गायन एवं संगीत में सरगम महिला मानस परिवार भैंसमुंडी मगरलोड, अनुशासन में सुर श्रृंगार मानस परिवार गातापार अभनपुर, वेशभूषा में तुलसी के श्रृंगार मानस परिवार चारभाठा मगरलोड, जनमानस में पवन मानस परिवार मकरंधपुर राजनांदगांव, बेस्ट तबलावादक में श्री कृष्ण किंकर महाभारत मानस मंडली पहन्दा कुम्हारी रही।

## छाती में हनुमान जन्मोत्सव पर बुजुर्गों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पुरी

मानव कल्याण स्वर्ग धाम सेवा समिति छाती एवं श्रीराम जानकी मंदिर समिति के संयुक्त तत्वावधान में हनुमान जन्म उत्सव मनाया गया। कामता प्रसाद वैष्णव महाराज के माध्यम से बुजुर्गों ने हनुमान जी के छायाचित्र की पूजा-अर्चना की। इसके बाद श्री राधे कृष्ण मानस परिवार छाती की प्रस्तुति हुई। संचालन समिति ने गांव के बुजुर्गों का श्रीफल एवं हनुमान गमछा से सम्मान किया । उपसरपंच रमेश यादव ने कहा कि मानव कल्याण स्वर्गधाम सेवा समिति भूमिहीन परिवार के निधन होने पर आर्थिक सहायता देती है। श्री राम जानकी मंदिर समिति छाती के संरक्षक दूदेश्वर यदु ने कहा कि हनुमानजी ने भगवान श्री राम के संकटों पर काम किया और इसलिए संकट मोचन कहलाए। ललित साहू सोसाइटी छाती अध्यक्ष ने कहा कि भक्तिमय वातावरण में हनुमान चालीसा, महाआरती का पाठ किया गया। रात्रि में जय मां शीतला पंडवानी पार्टी राजपुर जिला गरियाबंद ने महाभारत की कथा से सैकड़ों लोगों का मन जीता। खेमिन निषाद ने महाभारत की कथा सुनाई। यह जानकारी नरेंद्र साहू ने दी।

## रासायनिक खाद और कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से धरती हो रही विषैली

- कपालफोड़ी में जल संरक्षण, प्राकृतिक और जैविक खेती पर दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मगरलोड

कृषि विज्ञान केंद्र धमतरी एवं कृषि उपसंचालक के तत्वावधान में ग्राम कपालफोड़ी में प्राकृतिक एवं जैविक खेती पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया सरपंच श्रीमती हेमिन साहू जनपद सदस्य ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर जनपद सदस्य ने कहा कि प्राकृतिक और जैविक खेती आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। डॉ संजीव मालिया, डॉ परमेश्वर साहू ने कुसुम की खेती पर जानकारी दी। डॉ प्रेमलाल साहू ने प्राकृतिक खेती का महत्व, बीजोपचार, बीजामृत, जीवामृत राष्ट्रीय संगोष्ठी पर विचार रखे।

मगरलोड के वरिष्ठ कृषि विकास



अधिकारी केएस नरेटी ने बताया कि संगोष्ठी का आयोजन कृषि विकास एवं कृषि कल्याण विभाग और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा किया गया। रासायनिक खाद और कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से धरती विषैली हो रही है और कई तरह की बीमारियां बढ़ रही हैं। छत्तीसगढ़ सरकार जैविक खेती को बढ़ाने के लिए मिशन मोड में कार्य कर रही है। डॉ नेहा कृषि उत्पादन आयुक्त ने किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया।

तोमन सिंह साहू भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष ने किसानों को बताया कि फसल अवशेष को जलाने के बजाए उसे खाद बनाया जाए। प्राकृतिक खेती एवं रसायन मुक्त खेती हेतु गो पालन करने लोगों को प्रेरित किया। देसी गाय के गोबर व गोमूत्र की जानकारी दी।

कार्यक्रम में वेदव्यास सूर्यवंशी, वेदराम, नारद पटेल, बालाराम निषाद, नारायण साहू समेत नारधा, अमलीडीह, कपालफोडी के पशु सखी, किसान व नागरिकगण उपस्थित थे।

## भीषण गर्मी में राहत : स्काउट गाइड संघ ने खोला प्याऊघर



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरूद

भीषण गर्मी को देखते हुए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थानीय संघ कुरूद ने हनुमान जयंती के अवसर पर नया बस स्टैंड और तहसील कार्यालय परिसर में शीतल पेयजल प्याऊघर शुरू किया। अध्यक्ष मनीष साहू और विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी चंद्रकुमार साहू सहित अतिथियों ने उद्घाटन किया। अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य है और स्काउट्स-गाइड्स सेवा भावना का संदेश देती है। बीईओ साहू ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य समाज के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना भी है। उपाध्यक्ष राजेश पांडेय ने इसे युवाओं की सकारात्मक पहल बताते हुए कैडेट्स की तत्परता की सराहना की। तहसील कर्मचारियों ने भी इस प्रयास को सराहा।

मौके पर ऐश कुमार साहू, श्रवण साहू, धनंजय ठाकुर, सुमन कोसले, अरुणा नेताम, मीनाक्षी, लुकेश्वरी, डेमेश, हर्ष, खेमलाल, अन्नपूर्णा, आरती और चांदनी उपस्थित थे।

गणेशपुर में मां कर्मा की महाआरती एवं वार्षिक सम्मेलन

## समाज से युवाओं को जोड़ें एवं संस्कारवान बनाएं : रामचंद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंवरी

गणेशपुर में मां कर्मा की महाआरती एवं वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। ग्रामीण महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि रामचंद्र साहू अध्यक्ष दरबा परिक्षेत्र, विशेष अतिथि जीवन लाल साहू उपाध्यक्ष दरबा परिक्षेत्र, गंगाप्रसाद मिश्रा सरपंच गणेशपुर, नागेश्वर साहू संरक्षक थे। रामचंद्र साहू ने कहा कि आज युवा अपना संस्कार भूल रहे हैं और आधुनिकता में खोते जा रहे हैं जिसके चलते परिवार संगठित नहीं है। समाज से



युवाओं को जोड़ें एवं संस्कारवान बनाएं। विश्वनाथ साहू संरक्षक ने कहा कि शादी विवाह के दौरान डीजे साउंड के आधार पर बाराती आते जाते हैं जिसके चलते आज लोगों का घर टूट रहा है। नागेश्वर साहू ने कहा कि आज मां कर्मा की शक्ति व भक्ति के कारण ही भगवान कृष्ण खिचड़ी खाने के लिए मंदिर छोड़कर मां कर्मा तक पहुंचे। मौके पर जीवनलाल



साहू उपाध्यक्ष, संरक्षक नागेश्वर साहू, लिकेश साहू, संतराम साहू, कमलेश्वर साहू, तीरथ राम साहू, लीलाम साहू, मंशाराम साहू, दुलारू राम साहू, हेमंत साहू, धनसिंग साहू, परमेश्वर साहू, डोमन साहू, भुनेश्वर साहू, सरपंच गंगाप्रसाद मिश्रा, सूरजेलाल साहू, खेमनलाल साहू, गणेश राम साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

### कोटगांव में हनुमान एवं कर्मा जयंती मनी



**अंवरी।** ग्राम कोटगांव में हनुमान एवं कर्मा जयंती मनाई गई। हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर कलश यात्रा निकाली गई। दरबा परिक्षेत्र अध्यक्ष रामचंद्र साहू ने कहा कि साहू समाज हमेशा मां कर्मा के आदर्शों पर चलता है। संतराम साहू ने कहा कि हनुमान जी भगवान राम के रक्षक कहे जाते हैं । लोग उससे शक्ति देने और बुराई से सुरक्षा के लिए प्रार्थना करते हैं। मौके पर नीलम साहू, दुलारुराम साहू, हेमंत साहू, धनसिंग साहू, परमेश्वर साहू, डोमन लाल साहू, भुनेश्वर साहू, सरपंच उषा साहू, सुमन साहू, थानसिंग साहू, दयाराम, जीवनलाल साहू, नागेश्वर साहू, संत राम साहू, विश्वनाथ साहू, कमलेश साहू, तीरथ साहू, धनीराम साहू, पलटन साहू, भोजराज साहू, त्रिवेणी साहू, डोमेश्वर साहू मौजूद थे।

- साहू समाज हमेशा मां कर्मा के आदर्शों पर चलता है

**खबर संक्षेप**



## भोथीपार में विधायक ने किया कार्यों का लोकार्पण

**धमतरी।** ग्राम भोथीपार में आयोजित पारंपरिक लोक मड़ई कार्यक्रम में विधायक ओंकार साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक श्री साहू ने आंगा देवता एवं ग्राम देवी मां खल्लारी की विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की। उन्होंने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस दौरान विधायक ओंकार साहू ने शनिदेव मंदिर में स्टील ग्रील लगाने एवं चबूतरे में टाइल्स कार्य का लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ होना आवश्यक है। इसी क्रम में उन्होंने सामाजिक एवं धार्मिक आयोजन के लिए 10 लाख रुपये की लागत से शेड निर्माण की घोषणा की। रात्रि में ममा-भांचा नाचा पार्टी खोकसा की प्रस्तुति हुई। पारंपरिक नाचा कार्यक्रम ने दर्शकों का मन मोह लिया।

## बलियारा में नशा मुक्ति अभियान तेज



**धमतरी।** जिले के ग्राम बलियारा में नशा मुक्त और खुशहाल जीवन की दिशा में एक सराहनीय पहल की जा रही है। गांव के सभी दुकानदारों ने अपनी दुकानों में बैनर लगाकर नशामुक्ति का संदेश दिया है। साथ ही खुले में डिस्पोजल, पानी पाउच तथा किसी भी प्रकार के हानिकारक मादक पदार्थों के विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का सामूहिक निर्णय लिया गया है। इस अभियान का उद्देश्य गांव को स्वच्छ, सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाना है। इस पहल में ग्राम पंचायत बलियारा, ग्राम विकास समिति तथा ग्रामीण युवा विकास कल्याण समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सरपंच चुम्मन हीरा सिंह कंवर, उपसरपंच देवनारायण साहू सहित ग्रामीण अभियान में शामिल हुए।

### डोर टू डोर सख्त वसूली और रणनीति से टूटा पिछला रिकॉर्ड

# नगर निगम की ऐतिहासिक उड़ान 92% वसूली का नया कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम ने इस वर्ष राजस्व वसूली में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए 92 प्रतिशत वसूली कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष के 85 प्रतिशत वसूली रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए निगम की कार्यकुशलता, रणनीतिक योजना और सख्त प्रशासनिक रवैये का स्पष्ट प्रमाण बन गया है। शहर में चलाए गए विशेष अभियान और मैदानी स्तर पर की गई मेहनत ने इस सफलता को संभव बनाया।

आयुक्त प्रिया गोयल एवं उपायुक्त पीसी सार्वा के निर्देशन में चलाए गए डोर-टू-डोर वसूली अभियान ने इसमें निर्णायक भूमिका निभाई। निगम के राजस्व एवं सफाई विभाग के अधिकारी-कर्मचारी घर-घर पहुंचकर करदाताओं से संपर्क करते रहे, जिससे लोगों में जागरूकता बढ़ी और कर भुगतान में तेजी आई। मकान टैक्स, जलकर,



दुकान किराया और यूजर चार्ज जैसे प्रमुख मदों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई।

इस अभियान में एआरआई, आरएसआई, वसूलीकर्ता तथा सफाई विभाग के महिला-पुरुष सुपरवाइजरों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। वसूली दल क्रमांक-3 के प्रभारी मोहम्मद शेरखान ने बताया कि निर्धारित समय में कर जमा नहीं करने वालों पर नियमानुसार सरचार्ज लगाया गया। इसके अलावा, बकायेदारों के नल कनेक्शन विच्छेदन और दुकानों की सीलिंग जैसी सख्त कार्रवाई भी चरणबद्ध तरीके से की गई, जिससे वसूली में तेजी आई।

निगम प्रशासन द्वारा वार्डों में पहुंचकर कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया गया, जिससे टीम का मनोबल ऊंचा हुआ और अभियान को गति मिली। वर्तमान में केवल सीमित वसूली शेष है, जिसे शीघ्र पूर्ण करने के लिए निगम अमला पूरी प्रतिबद्धता के साथ जुटा हुआ है। इस उपलब्धि को नगर निगम के लिए एक बड़ी प्रशासनिक सफलता माना जा रहा है।

निगम के राजस्व अधिकारी के अनुसार, यह उपलब्धि कर्मचारियों की निरंतर मेहनत, नियमित मॉनिटरिंग और बेहतर समन्वय का परिणाम है। आने वाले वित्तीय वर्ष में इससे भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है।

**मांग के विरुद्ध 1151.72 लाख रुपए की वसूली**

नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में कर संग्रहण के क्षेत्र में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 31 मार्च 2026 तक 91.90 प्रतिशत वसूली दर्ज की है। निगम द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार कुल 1253.21 लाख रुपए की मांग के विरुद्ध 1151.72 लाख रुपए की वसूली की गई है, जो एक मजबूत वित्तीय प्रबंधन को दर्शाता है। राजस्व मदों में सतत कर में 81.05 प्रतिशत वसूली के साथ सबसे बेहतर प्रदर्शन सामने आया है। वहीं दुकानों के किराया में 82.03 प्रतिशत और जल कर में 67.62 प्रतिशत वसूली दर्ज की गई। समेकित कर में 60.11 प्रतिशत कलेक्शन हुआ है। इसके अलावा विज्ञापन आय में 76.75 प्रतिशत तथा मंडी/पशु बाजार/प्रदर्शनी कर में 100 प्रतिशत वसूली उल्लेखनीय रही है। विशेष बात यह रही कि कुछ मदों में 100 प्रतिशत से अधिक वसूली दर्ज कर निगम ने अपनी आक्रामक वसूली नीति का परिचय दिया है। डोर-टू-डोर संपर्क, बकायेदारों पर सख्ती, सरचार्ज वसूली और आवश्यक सेवाओं पर कार्रवाई जैसे कदम इस सफलता के प्रमुख कारण रहे।



# बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अफसर कर्मियों ने दिखाई प्रतितभा

- मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता में जिला प्रशासन और जिला पंचायत की टीम ने जीत दर्ज की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच समन्वय, सहयोग और खेल भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के पहले ही दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जिसमें जिला प्रशासन और जिला पंचायत की टीम ने जीत दर्ज की। पहले मैच में जिला प्रशासन धमतरी और बैंकर्स धमतरी के बीच मुकाबला हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जिला प्रशासन की टीम ने 6 विकेट के नुकसान पर 135 रन बनाए।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बल्लेबाजी में हाथ आजमाए और टीम को एक विशाल लक्ष्य की ओर ले गए। जवाब में बैंकर्स धमतरी की टीम 7 विकेट पर 99 रन ही बना सकी। जिला प्रशासन की ओर से कैलाश साहू ने 20 गेंदों में ताबड़तोड़ 50 रन बनाकर मैच का रुख तय कर दिया, वहीं पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने 22 रन का योगदान दिया। बैंकर्स टीम की ओर से राजन कुमार ने सर्वाधिक विकेट हासिल किए।



दूसरा मुकाबला जिला पंचायत धमतरी और वन विभाग धमतरी के बीच खेला गया। वन विभाग की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 63 रन पर सिमट गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए जिला पंचायत की टीम ने महज 5 ओवर में 65 रन बनाकर आसान जीत हासिल कर ली। जिला पंचायत के धरम सिंह ने प्रदर्शन करते हुए अपने एकमात्र ओवर में हैट्रिक लेकर टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सेमीफाइनल में पराजित टीमों के बीच मुकाबला 3 अप्रैल को शाम 7 बजे खेला जाएगा, जबकि फाइनल मुकाबला उसी दिन रात 8:30 बजे आयोजित होगा। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल आपसी समन्वय को मजबूत करती हैं, बल्कि कार्य के तनाव को कम कर टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को भी बढ़ावा देती हैं।

# धार्मिक आयोजन समाज को नैतिक मूल्यों से जोड़ते हैं : अंबिका

- हनुमान जन्मोत्सव पर विधायक ने विभिन्न मंदिरों में किए दर्शन-पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

हनुमान जन्मोत्सव पर विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम ने पूरे श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ क्षेत्र के विभिन्न हनुमान मंदिरों में पहुंचकर भगवान हनुमान जी के दर्शन-पूजन किए। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति, स्वास्थ्य एवं निरंतर प्रगति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए जनकल्याण की मंगलकामनाएं कीं।

विधायक श्रीमती मरकाम ग्राम उमरगांव एवं ग्राम शिवपुर पहुंचीं, जहां हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागिता निभाई।



उन्होंने मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना की। उमरगांव एवं शिवपुर में श्रद्धालुओं के साथ भक्ति भाव से रामकथा का श्रवण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन हमारी सनातन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो समाज को नैतिक मूल्यों से जोड़ते हैं और नई पीढ़ी को धर्म, आस्था एवं संस्कारों की ओर प्रेरित करते हैं। हनुमान जयंती केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि यह शक्ति, साहस, सेवा, समर्पण एवं सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाला महापर्व है। भगवान हनुमान की कृपा से व्यक्ति के जीवन में आत्मविश्वास, ऊर्जा एवं सकारात्मक सोच का संचार होता है, जिससे समाज में एकता एवं भाईचारे की भावना सुदृढ़ होती है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष भानेंद्र ठाकुर, जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम, तामेश्वरी साहू, मयंक ध्रुव, पिंकी यदु सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# पीएचसी भटगांव एवं खरेंगा का किया निरीक्षण

- स्वास्थ्य केंद्रों में 24×7 दिन स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला पंचायत सभापति (महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग) श्रीमती मोनिका देवांगन ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भटगांव एवं खरेंगा का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सभापति श्रीमती देवांगन ने स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, दवाइयों की उपलब्धता, स्वच्छता व्यवस्था, मरीजों को दी जा रही सेवाओं तथा स्टाफ की उपस्थिति का



जायजा लिया। उन्होंने मरीजों एवं परिजनों से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिए।

स्वास्थ्य केंद्र के भवनों का भी निरीक्षण किया। भवन की स्थिति, रखरखाव एवं आधारभूत सुविधाओं का अवलोकन करते हुए उन्होंने स्टाफ क्वार्टर एवं भवन की मरम्मत के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सभापति ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण एवं 24×7 दिन स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने दवाओं की नियमित उपलब्धता, साफ-सफाई, समय पर उपचार एवं जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने को कहा। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. यूएल कौशिक, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रिया कंवर, जनपद सदस्य जयंती ध्रुव, सरपंच फागुराम साहू, जनपद सदस्य गीतेश्वरी साहू, सरपंच नीलम साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष ऋषभ देवांगन, दर्री उपसरपंच निरंजन साहू, हेमराम ध्रुव, सुभाष साहू, मोहन साहू, कुलेश्वर साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## चंदापारी सेन समाज की जिला कार्यकारिणी गठित

**धमतरी।** चंदापारी सेन समाज के जिलाध्यक्ष रामगोपाल सेन ने जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया है। ज्ञात हो कि 23 मार्च को जिला चंदापारी सेन समाज की महासभा आयोजित की गई थी जिसमें निवृतमान पदाधिकारियों का कार्यकाल पूर्ण होने पर नए पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। जिलाध्यक्ष रामगोपाल ने जिला कार्यकारिणी सदस्यों का विस्तार किया। जिलाध्यक्ष रामगोपाल सेन रुद्री, संरक्षक मोहित सेन हटकेशर, धनसिंह सेन सेमरा बी, उपाध्यक्ष गौकरण सेन मुड़खुसरा, आनंद शांडिल्य धमतरी, कोषाध्यक्ष कौशल सेन पुरूर, सचिव केशकुमार सेन अछोटा, सहसचिव नीरज सेन बेलतरा, सलाहकार तुलसीराम सेन कलारतराई, कमल सेन नवागांव बेलर नियुक्त किए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में गिरवर सेन पथरीडीह कुकरेल, टाकेश्वर सेन भखारा, कनस सेन सियादेही शामिल हैं। जिलाध्यक्ष श्री सेन ने पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बैठक में नियमित उपस्थिति देकर समाज विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने कहा। इस दौरान उमेंद्र सेन, ललित सेन, पुरुषोत्तम सेन, रघुवीर सेन, कौशल सेन, देवलाल सेन, सुरेश सेन उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ का परचम लहराया

- रवि के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने मिस्टर इंडिया प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

जिले के नगरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पथरीडीह, कुकरेल एवं आसपास के क्षेत्र के युवा खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। नगरी निवासी रवि नेताम, जो राष्ट्रीय बॉडीबिल्डर एवं आईबीबीएफ बॉडीबिल्डिंग टीम के



मैनेजर हैं, के मार्गदर्शन में प्रदेश के लगभग 8 खिलाड़ियों ने मध्यप्रदेश के इंदौर में आयोजित प्रतिष्ठित मिस्टर इंडिया बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में भाग लिया।

प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का नाम रोशन किया। शामिल 8 खिलाड़ियों में से 2 खिलाड़ियों ने पदक जीतकर विशेष उपलब्धि हासिल की। अशोक बेहरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 मेडल अपने नाम किए, वहीं आनंद राव ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच पांचवां स्थान प्राप्त कर प्रदेश का मान बढ़ाया। इस सफलता के पीछे टीम मैनेजर रवि नेताम की कड़ी मेहनत, समर्पण और मार्गदर्शन की अहम भूमिका रही। उनके नेतृत्व में खिलाड़ियों ने अनुशासन, आत्मविश्वास और कठिन परिश्रम के साथ राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाई। इस उपलब्धि पर पूरे नगरी क्षेत्र और धमतरी जिले में खुशी है। नमन साहू, निखिल मेश्राम, लीलाराम नेताम, कान्हा यादव, देव, परमेश, सूरज पासवान, वर्धमान बोहरा, नवीन डागा, भावेश हिरवानी, यश नाग, नीरत नेताम, दीपक नेताम, रूपेंद्र सिन्हा, तुलेश निषाद सहित क्षेत्रवासियों ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# आदिवासी कंवर पैकरा समाज की नवीन कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आदिवासी कंवर पैकरा समाज मधुबनधाम धमतरीराज की नवीन कार्यकारिणी विस्तार को लेकर सर्कल स्तरीय बैठक ली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पेन पुरखाओं की अर्जी विनती कर किया गया। सचिव ने मनोनयन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। मनोनयन सर्वसम्मति से हुआ। नवीन पदाधिकारियों को सभापति ने शपथ दिलाई। पुराने पदाधिकारियों को विदाई दी गई। सामान्य प्रभाग अध्यक्ष युवलाल



कंवर(नवागांव), कार्यकारी अध्यक्ष ओमप्रकाश कंवर (सांकरा), उपाध्यक्ष सुरेश कंवर (धौराभांठा), सचिव डोमन कंवर(परसवानी), सहसचिव तारेन कंवर (सांकरा), कोषाध्यक्ष दिलीप धनंजय (रांकाडीह), मंदिर संरक्षक परमेश्वर जयसिंधु( रांकाडीह),पवन कंवर (सांकरा), युवा प्रभाग अध्यक्ष इंद्रावन कंवर (भोथीडीह), उपाध्यक्ष दुलेश्वर कंवर (सांकरा), सचिव महेश कंवर (नवागांव), सहसचिव टंकेश्वर कंवर (रांकाडीह), मीडिया प्रभारी टारजन धनंजय (रांकाडीह), भेपेंद्र कंवर (नवागांव), महिला प्रभाग अध्यक्ष श्रीमती किरण कंवर (सांकरा), कार्यकारी अध्यक्ष परमेश्वरी कंवर (नवागांव), सचिव तुलेश्वरी कंवर (बोड़रा), सहसचिव गमेश्वरी कंवर (सांकरा) बनाए गए।






विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



# शहर के 5 वार्डों में हाईटेक आकांक्षी शौचालय बन रहा

■ साफ-सफाई व रखरखाव के लिए कर्मचारियों की तैनाती




हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

शहर में स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं को नई दिशा देते हुए नगर पालिका निगम प्रशासन ने एक सराहनीय पहल की है। आमजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शहर के पांच प्रमुख स्थानों पर अत्याधुनिक आकांक्षी शौचालय का निर्माण पूर्ण कर उन्हें जनता को समर्पित कर दिया गया है।

निगम आयुक्त प्रिया गोयल ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन की मंशा के अनुरूप सोरिद वार्ड में एक, बठेना वार्ड में दो, विंध्यवासिनी वार्ड में एक तथा नवागांव वार्ड में एक शौचालय का निर्माण किया गया है। इनमें से चार स्थानों पर 6-सीटर शौचालय बनाए गए हैं, जिनकी लागत लगभग 16.97 लाख रुपये है, वहीं विंध्यवासिनी वार्ड में 10-सीटर शौचालय का निर्माण 25 लाख रुपये की लागत से किया गया है।

इन आकांक्षी शौचालयों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है। यहां सेंसर आधारित सिस्टम, वेस्टर्न और इंडियन टॉयलेट, फीडिंग रूम, गार्ड रूम, वेटिंग एरिया, स्वच्छ बाथरूम, यूरिनल, पर्याप्त प्रकाश, पंखे और पानी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इंजीनियर कमलेश ठाकुर ने बताया कि इन शौचालयों के निर्माण में लगभग एक वर्ष का समय लगा है और नियमित साफ-सफाई व रखरखाव के लिए कर्मचारियों की तैनाती की गई है। किसी भी प्रकार की खराबी होने पर तत्काल मरम्मत की जाएगी।



# भाजपा स्थापना दिवस को लेकर रणनीति तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुरूद

■ 6 से 14 अप्रैल तक चलेगा पखवाड़ा कार्यक्रम

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर कुरूद स्थित पार्टी कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक अजय चन्द्राकर ने विधानसभा के चारों मंडल के पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा करते हुए 6 से 14 अप्रैल तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में विधायक ने बताया कि 6 अप्रैल को भाजपा स्थापना दिवस से प्रारंभ होकर 14 अप्रैल को भारतरत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती तक भाजपा पखवाड़ा के रूप में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान ध्वजारोहण, हर घर झंडा अभियान, सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन, नुक्कड़ सभाएं और संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इन गतिविधियों के माध्यम से पार्टी की रीति-नीति तथा केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रमों के संचालन के लिए वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। बैठक में सभी मंडलों के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सक्रियता के साथ कार्यक्रमों को सफल बनाने के निर्देश दिए गए। बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर, जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, सभापति सिन्धु बैस, जिला पंचायत सभापति मीना साहू, कुलेश्वरी गायकवाड़, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर सहित बड़ी संख्या में मंडल अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# 1400 सुहागिनों ने की रांदल माता की पूजा-अर्चना

## प्रीतेश ने मातारानी के दर्शन कर प्रदेशवासियों की खुशहाली मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी



श्री गुजराती ब्रम्ह समाज महिला मंडल रायपुर द्वारा त्रिमूर्ति नगर स्थित दया भवन (न्यू टिंबर मार्केट) में सामूहिक रांदल माता पूजन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में 201 माताजी के लोटों की स्थापना की गई तथा लगभग 1400 सुहागिनों ने सामूहिक रूप से पूजन कर धर्म और परंपरा के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। दिनभर चले इस धार्मिक अनुष्ठान में रांदल माता पूजन एवं कथा, गोयणी पूजन, महाप्रसादी और संध्या आरती जैसे कार्यक्रम हुए, जिसे महाराज प्रकाश एवं अंकुर के मार्गदर्शन में संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम में भाजपा छग प्रदेश सह कार्यालय मंत्री एवं सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष प्रीतेश गांधी भी शामिल हुए। उन्होंने मातारानी के दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता, समरसता और आस्था को सुदृढ़ करते हैं तथा नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं।

पूर्व विधायक एवं एनआर गुजराती एसोसिएशन के अध्यक्ष देवजी पटेल ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। इस आयोजन में महिला मंडल की अध्यक्ष प्रेरणा बेन भट्ट, सचिव दीपा बेन पंड्या सहित समाज के अनेक पदाधिकारी, सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से की भेंट



धमतरी। केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर का रायपुर से दिल्ली प्रस्थान के दौरान एयरपोर्ट पर प्रदेश पदाधिकारी भाजपा प्रीतेश गांधी प्रदेश सह कार्यालय मंत्री छग ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर आत्मीय अभिनंदन किया। मंत्री जी से प्राप्त स्नेह एवं अपनत्व से श्री गांधी अभिभूत हुए।



# अकलाडोंगरी में ग्रामीणों को लिंक कोर्ट की सुविधा मिलेगी

■ कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने डुबान प्रभावित क्षेत्र के दौरे के दौरान की घोषणा

**धमतरी**। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले के डुबान प्रभावित क्षेत्र के दौरे के दौरान ग्राम अकलाडोंगरी में राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए लिंक कोर्ट की सुविधा प्रारंभ करने की घोषणा की। यह निर्णय ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि इस व्यवस्था के तहत अब ग्राम अकलाडोंगरी सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को अपने राजस्व संबंधी मामलों के समाधान के लिए जिला मुख्यालय धमतरी तक बार-बार आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सप्ताह में एक निर्धारित दिन तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार गांव में उपस्थित होकर लंबित प्रकरणों की सुनवाई करेंगे और मौके पर ही उनका निराकरण करेंगे। इस पहल से न केवल समय और संसाधनों की बचत होगी, बल्कि ग्रामीणों को न्याय सुलभ, त्वरित और पारदर्शी रूप से मिल सकेगा। विशेष रूप से डुबान प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के लिए यह सुविधा काफी राहत देने वाली साबित होगी, जहां आवागमन की कठिनाइयों के कारण राजस्व मामलों का निराकरण लंबे समय तक लंबित रह जाता है। इस अवसर पर सरपंच, एसडीएम पीयूष तिवारी, सीईओ जनपद वर्षा रानी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।




तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

